## सिवनी में नेशनल हाईवे पर अचानक जलने लगा ट्रक, ड्राइवर और हेल्पर ने कूदकर बचाई जान

**हादसा** नागपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग एक घंटे तक जाम लगा रहा

**सिवनी, देशबन्धु।** नागपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर कुरई घाटी के पास चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। इससे पहले ट्रक के ड्राइवर और हेल्पर कुछ समझ पाते आग तेजी से फैल गई। किसी तरह ड्राइवर और हेल्पर ने ट्रक को सड़क किनारे खड़ा किया और उससे कूदकर अपनी जान बचाई।फायर ब्रिगेड की गाड़ी के पहुंचने से पहले ट्रक लगभग पूरी तरह जलकर खाक हो गया। यह हादसा जिले जिले कुरई थाना अंतर्गत कुरई घाटी के पास शनिवार देर रात हुआ। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

कुरई पुलिस ने बताया कि नागपुर की ओर से एक ट्रक सिवनी की ओर आ रहा था। जब वह कुरई घाटी के समीप पहुंचा तो अचानक अज्ञात कारणों से ट्रक में आग लग गई। आग के तेजी से फैलने के कारण ट्रक जलने लगा।स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद कुरई पुलिस पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग के सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे। जिस समय ट्रक में आग लगी उसी समय नागपुर से सिवनी लौट रहे धरेंन्द्र रघुवंशी ने बताया कि सड़क पर चल रहे एक ट्रक में अचानक आग लग गई, जिसके कारण वह जलने लगा।

देर से पहुंची फायर ब्रिगेडकुरई थाना प्रभारी केएस तेकाम ने बताया कि ट्रक में किराना का सामान भरा हुआ था। ट्रक के चालक ने पूछताछ में बताया कि वह किराना का सामान नागपुर से मंडला ले जा रहे थे। कुरई घाटी के पास अज्ञात कारण से ट्रक में आग लग गई।

उन्होंने ट्रक से कूद कर जान बचाने के साथ ट्रक में रखे पानी व अन्य सामग्री से आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग और तेजी से फैल गई। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रक में आग लगने की सूचना पर सिवनी कंट्रोल रूम में जानकारी दी गई। इस पर सिवनी से लगभग 40 मिनिट बाद फायर ब्रिगेड वाहन मौके पर पहुंचा। तब तक ट्रक काफी जल चुका था। घटना की जानकारी के बाद पुलिसकर्मी और राष्ट्रीय राज्यमार्ग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सड़क पर जल रहे ट्रक को देखकर वाहनों को रोक दिया, ताकि कोई अनहोनी घटना ना हो।

## ग्राम का विकास है पहली प्राथमिकता : संतोष चौधरी

**रामाकोना, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत रामाकोना के उपसरपंच संतोष चौधरी ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की मुझे पद का लालच नहीं है मेरी पहली प्राथमिकता ग्राम विकास कार्य होना है।

ग्राम पंचायत रामाकोना मे मेरे द्वारा पहली बार चुनाव लड़ा गया इसी उदेश्य से की ग्राम विकास कार्य हो सके लेकिन ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा सभी पंचो को विश्वास मे लेकर विकास कार्य नहीं किये गए जिससे ग्राम की जनता एवं ग्राम के पंचगन हताश थे। ग्राम पंचायत के उपसरपंच होने के नाते जनता को मेरे से अपेक्षा थी और मैंने उपसरपंच रहते हुए मेरे स्तर पर निजी पैसे खर्च कर कुछ कार्य किये भी जिसकी जनता गवाह है, लेकिन सरपंच का साथ नहीं मिल सका। उपसरपंच संतोष चौधरी ने बताया की मुझे पद की चिंता नहीं है और पद आज है कल नहीं है लेकिन समय वापस नहीं आयेगा. बहुत से निर्माण कार्य होने शेष है। वर्तमान मे ग्राम की जनता गवाह है की मोक्षधाम का कार्य कितना शानदार हुआ है. काम करने के लिए पद के अलावा अच्छे मन की आवश्यकता है। मेरी यह सोच है की यदि कोई काम करने से सौ लोगो का भला हो रहा है और एक से बुराई हो रही तो कार्य करने के लिये बुराई लेना भी उचित है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला शिक्षकों का किया गया सम्मान

**छपारा, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर छपारा नगर के सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल में महिला शिक्षकों का सम्मान संस्था की प्रबंधक बी एल सिंह यादव प्राचार्य कमलेश पटेल की उपस्थिति में किया गया इस दौरान स्कूल की व्यवस्था प्रभारी आयशा सिद्दीकी एवं स्काई प्ले वाटीका प्रभारी नीतू बैस को सम्मानित किया गया. इस दौरान स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे वही कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक बी एल सिंह यादव के द्वारा महिलाओं का हमें सम्मान करना चाहिए. और उनके सम्मान का ख्याल हर समय रखना चाहिए. इस दौरान उन्होंने महिला शिक्षकों का सम्मान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की है।

### सार-समाचार

## जिला उपभोक्ता आयोग ने सात प्रकरणों में कराया राजीनामा

**सिवनी, देशबन्धु।** शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में जिला उपभोक्ता आयोग सिवनी के पीठासीन अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय व श्रीमती उषा शर्मा, सदस्या, एवं वीरेन्द्र सिंह राजपूत मध्यस्थता सदस्य व श्रीमती चित्रा सहारे मध्यस्थता सदस्या द्वारा 07 हितग्राहियों को राशि 3,57,538.00 ( तीन लाख, सत्तावन हजार, पाँच सौ, अड़तीस रूपये मात्र) का भुगतान कर कीर्तिमान स्थापित किया है। उक्त कार्य के लिए जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी सुनील कुमार सल्लाम रीडर, राजेन्द्र कुमार सनोडिया कम्प्यूटर प्रोग्रामर, सुश्री वंदना शर्मा सहा0ग्रेड-3 एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों सुखलाल कटरे आशीष भलावी एवं करन सिह उईके एवं अधिवक्ता अनिल कुल्हाड़े एवं सजल डे, व टी0आर0राय का विशेष योगदान रहा, इनका कार्य सराहनीय रहा है।

## दो महीने से फरार हत्या के आरोपी गुरुग्राम से गिरफ्तार

**सिवनी, देशबन्धु।** पुलिस ने डूंडा सिवनी में हुई एक युवक की हत्या के मामले में दो फरार आरोपियों को रविवार को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। आरोपी हरि कुंजाम और निलेश वंशकार को पकड़ा गया है। घटना 26 दिसंबर की रात करीब 9.15 बजे कबीर वार्ड क्षेत्र की शराब दुकान के पास हुई थी। मुंगवानी बंडोल के रहने वाले मनीष सनोडिया (27) के साथ धक्का लगने के मामूली विवाद में आरोपियों ने उनकी गला रेतकर हत्या कर दी थी।

दूसरा आरोपी गुरुग्राम से पकड़ाया-डूंडासिवनी थाना प्रभारी किशोर वामनकर ने बताया कि घटना में शामिल एक आरोपी सागर वर्मा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। दो अन्य आरोपी हरि कुंजाम (21) और निलेश उर्फ कल्लू वंशकार (21), जो गौंडी मोहल्ला कबीर वार्ड के निवासी हैं, घटना के बाद से फरार थे।एएसपी जीडी शर्मा और नगर एसपी पूजा पांडे के मार्गदर्शन में गठित पुलिस दल को आरोपियों के गुरुग्राम में छिपे होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने वहां से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सिवनी ले आई है।

## विमला खरया का निधन

गोटेगांव, देशबन्धु। विगत दिवस मुख्य बाजार गौरा देवी वार्ड निवासी शैलेश खरया नीलेश खरया की माताजी विमला खरया का लगभग 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप काफी समय से अस्वस्थ चल रहीं थीं। आज उन्होंने अंतिम सांस ली। विमला खरया मृदुभाषी, मिलनसार और धार्मिक में हमेशा आगे रहती थीं। उनके जाने से नगर में शोक व्याप्त हो गया। विमला खरया की अंतिम यात्रा उनके निज निवास से स्थानीय मुक्तिधाम ले जाई गई, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## लंबित 71 मामले और 128 प्रीलिटिगेशन प्रकरण निपटे

### नेशनल लोक अदालत

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 8 मार्च को अमरवाड़ा न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन कार्यक्रम राकेश कुमार सोनी जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमरवाड़ा द्वारा किया गया। उद्टन कार्यक्रम में समस्त न्यायाधीशगण, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी प्रवीण मर्सकोले, अपर लोक अभियोजक मनीष नेमा एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक तिवारी, अधिवक्ता अली रिजवी एवं अन्य अधिवक्ता, समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

राकेश कुमार सोनी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अमरवाड़ा की खंडपीठ में 1 मोटर दुर्घटना प्रकरण में रुपए 1325000 का अवॉर्ड पारित किया गया, 1 वैवाहिक प्रकरण, 3 अन्य प्रकरण का राजीनामा के माध्यम से निराकरण हुआ।

संदीप कुमार पाटिल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अमरवाड़ा के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश अमरवाड़ा की खण्डपीठ में 13 विद्युत प्रकरण का राजीनामा के माध्यम से निराकरण हुआ। तनवीर खान, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड अमरवाड़ा की खण्डपीठ में 2 आपराधिक शमनीय प्रकरणों, 4 चैक बाउंस प्रकरण, 23 वैवाहिक प्रकरण, 4 सिविल प्रकरण का निराकरण राजीनामा के माध्यम से किया गया। सुरभि कटकवार, व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड अमरवाड़ा की खण्डपीठ में 5 आपराधिक शमनीय प्रकरणों, 7 चैक बाउंस प्रकरणों, 4 सिविल, 4 एमजेसी प्रकरणों का निराकरण राजीनामा के माध्यम से किया गया। नगर परिषद अमरवाड़ा द्वारा जलकर के 3 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में कुल रुपये 1080 सम्पत्तिकर के 4 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में कुल रुपये 15878, दुकान किराया 21 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में कुल रुपये 1,41327 तथा बैंक के 9 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में 1 कुल रुपये 52,900, विद्युत विभाग द्वारा 91 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में कुल 707208 की वसूली की गई।

## हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**होली व रमजान को लेकर में शांति समिति की बैठक**

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** होली और रमजान को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। तहसीलदार की अध्यक्षता में पुलिस एसडीओपी सोनम पाटिल ने होली पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मिलकर मनाने की बात कही उन्होंने कहा कि जुन्नारदेव क्षेत्र के लोगों ने हमेशा आपसी सौहार्द और भाईचारे की मिसाल कायम की है। हुड़दंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। नशेड़ी और शराब कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। अश्लील और फूहड़ गानों के साथ डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। अफवाहों से बचने की अपील की गई। थाना प्रभारी राकेश सिंह बघेल ने कहा कि रमजान का पाक महीना शुरू हो चुका है। रोजेदारों का पूरा ख्याल रखना होगा। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान में बाधा बर्दाश्त नहीं होगी। दोनों समुदायों के लोग हमेशा भाईचारे और सद्भाव के साथ रहते आए हैं। शराब कारोबारियों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। शांति से दोनों पर्व मनाने की अपील की गई। पुलिस की गश्त जारी रहेगी। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती पर विचार किया गया है।

## सहकारी केन्द्रीय बैंक ने किसानों को 0 प्रतिशत ब्याज दर पर 715 करोड़ का अल्पकालीन कृषि ऋण दिया

**सिवनी, देशबन्धु।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सिवनी द्वारा खरीफ एवं रबी सीजन में 0त्न ब्याज दर पर राशि रु 715 करोड़ का अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण किया गया। बैंक का कालातीत ऋण राशि रू 266 करोड़ है, यह ऋण बैंक से वित्तपोषित 57 बहुउ?देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों द्वारा किया गया। बैंक प्रशासक एवं कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा विगत दिवसों में 16 शाखाओं के शाखा प्रबंधकों एवं 57 समितियों के समिति प्रबंधकों की ऋण वसूली की समीक्षा की गयी ।जिसमें शाखा बंडोल, छपारा, कान्हीवाड़ा की वसूली गत वर्ष से कम पाये जाने पर उन्हें 3-4 दिवसों में अंतर की वसूली करने के निर्देश दिये गये। अन्य शाखाओं को 15 मार्च 2025 तक 45त्न और 31 मार्च 2025 तक 50त्न वसूली लक्ष्य करने के निर्देश दिये गये। साथ ही निर्देश दिये गये कि राजस्व अधिकारियों से संपर्क कर कालातीत बड़े बकायादारों के प्रकरण दर्ज करें। जिले में सर्वाधिक वसूली शाखा लखनादौन, कुरई और धारना की रही। इसी प्रकार समितियों में सर्वाधिक वसूली समिति खामी, धारना, माहबर्रा, लखनादौन ओर कुरई की रही। बैंक द्वारा समस्त समिति, शाखा के अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देश दिये गये कि वे निरंतर ऋणी कृषकों से संपर्क कर खरीफ की डयू डेट के पूर्व वसूली राशि जमा कराये जिससे किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण पर शासन की योजना अनुसार 0त्न ब्याज का लाभ प्राप्त हो सकें।

## दो बाइक की भिड़ंत में दो घायल

**सिवनी, देशबन्धु।** जिले के घंसौर में पनारझिर गांव के पास रात को दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। एक बाइक घंसौर से खजरी की तरफ जा रही थी। दूसरी बाइक बरगी से घंसौर की ओर आ रही थी।घायलों में एक की पहचान खजरी निवासी दशरथ कुडोपा (40) के रूप में हुई है। दूसरा व्यक्ति बेहोश होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई है।प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

## भगवान श्री खाटूश्याम जी का सतरंगी फागुन महा महोत्सव आज

**करेली, देशबन्धु।** हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा श्री खाटू श्याम जी भगवान का फाल्गुन शुक्ल एकादशी सतरंगी फागुन महोत्सव आज 10 मार्च सोमवार के पावन पर्व पर नगर के तुलसी नगर नवीन बस स्टैंड स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में भव्याति भव्य रूप में मनाया जाएगा। श्री श्याम सेवा समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भगवान खाटू श्याम के नगर में अनेक भक्त हैं तो वहीं नगर के नवीन बस स्टैंड के पास, तुलसी मंदिर में भी श्री खाटू नरेश का दिव्य मंदिर भी स्थापित है।

## हर्षोल्लास से महिलाओं ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**पीपलावार, देशबन्धु।** में गायत्री मंदिर वार्ड में 8 मार्च को महिला अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया, जिसमें सर्वप्रथम डॉक्टर बाबासाहेब छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पण किया तथा पूजा की गई और मातृशक्ति पर गायत्री परिवार के सदस्य रामराव कडू एवं ज्योति देशभरतार मैडम ने बताया की।

हमारी सनातन संस्कृति में नारी शक्ति को सर्वोच्च माना गया है और वे समाज को प्रगतिशील बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भारतीय परंपरा में स्त्री सदैव प्रथम और पूजनीय रही है। नारी को शक्ति, ममता, और त्याग का प्रतीक माना गया है। सभी के लिए दृष्टिकोण, उनका ममता और सेवा का भाव, उनकी सहनशक्ति और हर स्थिति के प्रति उनका दृष्टिकोण, इस सबसे महिलाओं को केवल एक दिन नहीं, हर दिन सम्मान मिलना चाहिए। वनमाला गजभीये, सिन्धुबाई वाहने, विद्याबाई ,सुनिताबाई सोमकबर, रेखाबाई रागांसे, दियाबाई मदनकर ,संघभीगा गजभीये, निता बागडे, भाग्य-श्री गजभीये ,स्वीटी गजभीये ,ज्योती देशभ्रतार ,सुमिता गोडबोले, शुभांगी बागडे, वंचना रंगारे, सुरेखा सोमकुबर, कविता बागडे ,ममता मेश्राम लक्ष्मी बाई परतेती और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की महिलाओं ने एक दूसरे को शुभकामनाएं बधाई दी गई।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 10 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी, नक्षत्र- पुष्य।**

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**क-**

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संकुल संगठन भवन लोकार्पित

### •1500 अजीविका मिशन की बहने रहीं मौजूद

**केवलारी, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दुरस्थ ग्राम पंचायत रायखेडा मे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद पंचायत केवलारी संकुल रायखेडा की 25 ग्राम पंचायतो की आजिविका मिशन की गुलाबी ड्रेस कोड की 1500 महिलाओ की उपास्तिथी मे प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी केवलारी, मुकेश राजपूत जनपद सदस्य छींदा, सचिन राजपूत मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी छींदा, रमाशंकर महोबिया सदस्य बाल कल्याण समिति महिला बाल विकास मध्यप्रदेश,श्रीमती किरण रामराज राजपूत सरपंच रायखेड़ा, श्रीमती शशि मर्सकोले अध्यक्ष आजीविका मिशन मुमताज खान सचिव आजिविका मिशन, संपत्त उइकेजनपद सदस्य,श्रीमति सावित्री बाई आरमोति जनपद सदस्य, चमरू मसराम जनपद सदस्य, अर्जून सिंह सैयाम ब्लाक अध्यक्ष सेवादल कांग्रेस ,खेमकरण जंघेला प्रबंधक एनआरएलएम, सालक राम डेहरिया आजिविका मिशन की गरिमामय उपास्थिति मे अंतरराष्टीय महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित कर 10 लाख रुपये की लागत से बने संकुल भवन को लोकार्पित किया।

महिलाओं को समर्पित यह कार्यक्रम हर साल आठ मार्च को पूरी दुनिया में महिला दिवस को सेलिब्रेट किया जाता है। पहली बार सन्यूक्त राष्ट्र ने 1975 में इसकी मान्यता दी थी, तभी से लेकर हर साल इसको पूरी दुनिया में लागु किया है।भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का रूप कहा जाता है। आज से नहीं बल्कि सदियों से भारत में महिलाओं की पूजा की जाती है। यहां पर बल के लिए मां दुर्गा, धन के लिए मां लक्ष्मी और बुद्धि के लिए माता सरस्वती की पूजा करने की परंपरा है।रमा शंकर महोबिया पत्रकार ने कहा कि आज भी महिलाओं के बगैर समाज की कोई कल्पना नहीं की जा सकती है।

समाज में महिलाओं का योगदान हो या फिर आर्थिक क्षेत्र में उनकी तरक्की वह हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। ऐसे में हर साल आठ मार्च को महिलाओं के हौसले को बढ़ाने के लिए, उनके देश और दुनिया की तरक्की में योगदान करने के लिए और उनकी सराहना करने के लिए महिला दिवस मनाया जाता है। श्रीमति सुरेखा यादव देश की पहली महिला ट्रेन चालक जिसने डेक्कन क्वीन से लेकर बंदेभारत सुपरफास्ट 140 किलोमीटर से चलाकर शाक्ति स्वरुप महिला का इतिहास लिखा।